पुस्तक विक्रेताओं के भाग लने की संभावना है ; और

(ग) क्या नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशक संघों तथा पुस्तक-विक्रेताओं की इस अपील को मान लिया है कि उक्त मेले को देश में वर्तमान सूखे की स्थिति को देखते हुए या अन्य आर्थिक कारणों से 27 अक्तूब , को आयोजित न किया जाए ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) जी, हां ।

(ख) भाग लेने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर, 1987 है, अतः भाग लेने वालों की संख्या दे ा सम्भव नहीं है ।

(ग) जी, नहीं ।

एयर इंडिया को हुआ घाटा

2726. **श्री वीणा वर्मा :**
श्री कपिल वर्मा

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया को पिछले कुछ वर्षों से घाटा हो रहा है, यदि हां, तो इसे पिछले पांच महीनों में कितना घाटा हुआ ;

(ख) एयर इंडिया की सेवाओं में सुधार करने तथा इसके घाटे को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार ने एयर इंडिया के प्रतीक (एम्बलम) "महर जा" को अपने विमानों तथा स्टेशनरी इत्यादि पर से हटाने का फैसला किया है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी नहीं पिछले पांच वर्षों के दौरान एयर इंडिया का निवल लाभ निम्न प्रकार है :—

	करोड़ रुपए
1982–83	38.04
1983–84	57.39
1984–85	44.69
1985–86	66.00
1986–87	30.16

तथापि, चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच महीनों अर्थात् अप्रैल 1987 से अगस्त 1987 के दौरान एयर इंडिया को 2.84 करोड़ रुपए की अनुमानित निवल हानि हुई ।

(ख) एयर इंडिया के वित्तीय निष्पादन में सुधार लाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं/शुरू किए गए हैं :—

(1) व्यापार तथा प्रथम श्रेणी यातायात से प्राप्ति में सुधार लाने के लिए विपणन क्रियाकलापों में बढ़ोतरी ।

(2) तीव्र और प्वाइंट-टू-प्वाइंट सेवाओं को अधिक शुरू करते हुए सेवा में सुधार;

(3) ठोस विपणन तथा बिक्री प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए कार्गो क्षेत्र में सुधार करना ;

(4) ग्राहकों की आवश्यकताओं जैसे हवाई अड्डों पर जांच के लिए स्वचलित मशीनों की स्थापना, उड़ानों के ठीक समय पर प्रस्थान में सुधार, कार्गो सेवा में कम्प्यूटरीकरण के संबंध में तत्काल व सुचारू प्रबन्ध की व्यवस्था ; और

(5) सभी सम्भावित क्षेत्रों में लागतों पर कड़ा नियंत्रण रखना ।

(ग) जी, नहीं । विमानों, लेखन सामग्री इत्यादि से एयर इंडिया के चिन्ह "महाराजा" को हटाने के बारे में फिलहाल कोई विचार नहीं है ।